Bal Bharati PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

प्रतिवेदन

बाल सभा गतिविधि (2023-24)

मैं बन सकता हूँ प्रकृति संरक्षण प्रचारक

तिथि :19 अप्रैल2023

कक्षा :पाँचवीं

विषय :विज्ञापन गतिविधि (मैं बन सकता हूँ प्रकृति संरक्षण प्रचारक)

" स्वर्ग को धरा पर लाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है,
अपनाकर पर्यावरण अनुकूलित उत्पाद, प्रकृति संरक्षक बन जाना है । "

मनुष्य तथा पर्यावरण दोनों एक दूसरे से इस प्रकार संबंधित हैं कि उन्हें अलग करना कठिन है। जिस दिन पर्यावरण का अस्तित्व मिट गया उस दिन मानव जाति का अस्तित्व ही मिट जाएगा, यह आधारभूत सत्य है। इसी सत्य को बताने एवं पर्यावरण के प्रति छात्रों में सजगता, जागरुकता तथा उसके प्रति अपने दायित्वों के निर्वाह हेतु जागृति लाने के लिए बाल भारती पब्लिक स्कूल,नोएडा समय-समय पर ऐसी गतिविधियाँ आयोजित करता है जिससे छात्र बचपन से ही प्रकृति के प्रति सचेत होकर अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने में सक्षम हो सकें।

बाल सभा गतिविधि के अंतर्गत कक्षा पाँचवीं के छात्रों हेतु "मैं बन सकता हूँ प्रकृति संरक्षक प्रचारक " नामक गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व इस गतिविधि को बड़े ही उत्साहपूर्वक ढंग से पूर्ण किया। छात्रों ने इस गतिविधि के द्वारा पर्यावरण का महत्व जाना एवं ऐसे अनेक उत्पादों के विषय में जानकारी एकत्रित कर अपनी प्रस्तुति में दर्शाया जिससे पर्यावरण की सुरक्षा हेतु यथासंभव प्रयास किए जा सकें ताकि भविष्य में जब विकास के नाम पर कोई कुल्हाड़ी हम पर उठे तो कई हाथ हमें बचाने के लिए एक साथ खड़े हो जाएँ।

छात्रों ने इस गतिविधि हेतु जूट एवं कपड़े से बने थैले,स्टील के बर्तन आदि अन्य सामग्री को सहायक सामग्री के रूप में प्रयोग कर प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाने का प्रयास किया तथा वस्तुओं के पुनर्नवीनीकरण पर बल देने का संदेश सभी तक पहुँचाया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों में वाचन कौशल क्षमता का विकास हुआ।

प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता :

(दीपा चतुर्वेदी)

पर्यवेक्षण : श्रीमती विनया पुजारी

(प्राथमिक प्रमुख)